रेलवे में घूसखोरी और कमीशन की अदायगी

1899. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे में घूसखोरी तथा कमीशन की अदायगी से संबंधित मामले हाल में सरकार के ध्यान में लाये गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो घूसखोरी और कमीशन में लिप्त पाये गये अधिकारियों के विरुद्ध सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) और (ख) भ्रष्टाचार उन्मूलन एक सतत प्रक्रिया है और सरकार रेलों से भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ने के लिए कृत संकल्प है जिसके लिए सतर्कता कार्यकलाप विशेष तौर पर निम्नलिखित क्षेत्रों में बढ़ा दिए गए हैं :—

(i) बुकिंग, आरक्षण, सामान/पार्सल माल और खानपान जैसे जनता से व्यापक संपर्क वाले क्षेत्रों में जहां जनता को नुकसान पहुंचाया जा सकता हो। परेशान किया जा सकता है ।

(ii) जहां भारी मात्रा में सार्वजनिक धन का दुरुपयोग/बरबादी होने अथवा राजस्व की चोरी होने की संभावना हो ।

(iii) कर्मचारियों की भर्ती और प्रवरण ।

इन कार्यकलापों में निवारक और दण्डात्मक दोनों ही उपाय शामिल हैं। निवारक उपायों में कदाचारों की रोकथाम अथवा उन्हें कम करने के लिए नियमों प्रक्रियाओं का सरलीकरण और उनमें आशोधन करना, सूचना इकट्ठी करना, निगरानी रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों और भ्रष्टाचार बहुल क्षेत्रों की पहचान करना, संवेदनशील पदों पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों का समय-समय पर स्थानांतरण करना आदि शामिल हैं। दण्डात्मक उपायों के रूप में रिश्वत और भ्रष्टाचार के मामलों में संलिप्त पाये गये कर्मचारियों और अधिकारियों की मौजूदा नियमों के अनुसार कड़े दण्ड दिए जाते हैं ताकि अन्य व्यक्ति ऐसा न कर सकें।

प्रलोभन जांच के परिणामस्वरूप और 1991 के दौरान शिकायतों की जांच करने के परिणामस्वरूप 2740 रेल पदाधिकारियों के विरुद्ध बड़ी शास्ति (बर्खास्तगी, सेवा से हटाना, अनिवार्य सेवानिवृत्ति और पदावनति आदि) की कार्रवाई की गई थी और 8130 व्यक्तियों के विरुद्ध छोटी शास्ति की कार्रवाई की गई थी। 1991 के दौरान 898 पदाधिकारियों को बड़ी शास्ति का दंण्ड दिया गया और 7383 पदाधिकारियों की छोटी शास्ति का दण्ड दिया गया।

परिवर्तन की एक-आमान प्रणाली

1400. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदलने के मामले में एक आमान की प्रणाली अपनाने का निर्णय लिया है ;

(ख) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश इस प्रकार के परिवर्तन का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण में शुरू किये जाने वाले शेष परिवर्तनों का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी हां।

(ख) उत्तर प्रदेश में पड़ने वाली निम्नलिखित लाइनों को बड़ी लाइन में आमान परिवर्तन के लिए बनाई गई